# राष्ट्र के लिए किया जाने वाला कार्य ईश्वरीय : भागवत

▶ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक ने समाज प्रमुखों की बैठक को किया संबोधित

नवभारत न्यूज

**इंदौर. राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ.मोहन राव भागवत ने ब्रिलियंट कन्वेशन सेन्टर में मालवा प्रांत के प्रांतीय एवं राष्ट्रीय स्तर के समाज प्रमुखों की सद्भाव बैठक को सम्बोधित किया. कार्यक्रम में मालवा प्रांत के 111 समाजों के 284 समाज प्रमुख उपस्थित रहें.**

डॉ. मोहन भागवत ने समाज प्रमुखों को संबोधित करते हुये कहा कि समाज है, तो सद्भावना है. समाज यानी सद्भावना. यह अपनेपन का सम्बंध है. यह सोसायटी अर्थात सोशल कान्ट्रेक्ट नहीं है. समाज में व्यक्ति और परिवार दोनों की सत्ता होती है. समाज का एक सामान्य उद्देश्य धर्मयुक्तजीवन होता है. उन्होंने कहा कि मनुष्य को शरीर और उपभोग की वस्तु मानने वाले विचार ने पूरे यूरोप को ध्वस्त किया तथा यही विचार अब भारत की परिवार व्यवस्था को ध्वस्त करने का प्रयास कर रहा है. इसने संस्थाओं को अपने नियन्त्रण में लेकर समाज को तोड़ने के लिए विश्व के 50-60 घरानों से गठजोड़ कर लिया है. इनका उद्देश्य भारत के बाजार पर कब्जा करना है. इंग्लैण्ड में 2021 में आयोजित डिस्मेंटलींग हिन्दुत्व सेमिनार के पीछे यही विचार था. आपने कहा कि भारत में धर्म और राष्ट्र एक ही बात है. इसके लिये किया जाने वाला कार्य, ईश्वरीय कार्य ही है. स्वामी दयानन्द सरस्वती, स्वामी विवेकान्द आदि महापुरुषों ने जात-पात से ऊपर उठकर समाज में राष्ट्र भाव जागृत करने का कार्य किया. समाज व परिवार के लिए मातृ शक्ति का चिन्तन पुरुषों से अधिक व्यापक होता है.



## उत्थान के लिए चिंतन करें

उन्होंने कहा कि अपने-अपने क्षेत्र मे स्थानीय स्तर पर सभी जाति-बिरादरी साथ बैठकर अपनी बिरादरी के उत्थान के लिए चिन्तन करें तथा कमजोर समाज को उपर उठाने में मिलकर प्रयास करें. सब समाज मिल कर राष्ट्र व हिंदू समाज के प्रश्नों का समाधान करें. हम हिंदू हैं, हर हिंदू का सुख-दु:ख हमारा सुख-दु:ख है. संचालन जसविंदर सिंह ठकराल, अतिथि परिचय दिनेश गुप्ता एवं आभार राधेश्याम पाटीदार ने माना. इस अवसर पर सरसंघचालक द्वारा विभिन्न जिलों से आए समाज प्रमुखों की जिज्ञासाओं का भी समाधान किया.

# उज्जैन में पेयजल के हालात गंभीर, संकट मोचन बनेगी नर्मदा

## सावन तो बरसा नहीं कुछ खास ,अब भादो से आस, रविवार को हल्की बूंदाबांदी हुई, टैंकर भी चलाने पड़ सकते हैं

**उज्जैन. बरसात की लगातार बेरुखी से उज्जैन में जल संकट व्याप्त हो गया है, गंभीर डेम एकमात्र स्त्रोत है, जिससे शहर की 8 लाख जनता में जल प्रदाय होता है, ऐसे में नगर निगम ने आप नर्मदा से पाइपलाइन जोड़कर जल संकट से निपटने की तैयारी शुरू कर दी है.**

शनिवार को मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने भी जब जल संकट के संबंध में जानकारी ली तो उन्होंने सपत्नीक महाकाल मंदिर में पहुंचकर पर्जन्य अनुष्ठान और महा रूद्र पूजन किया. ऐसे में शनिवार रात बूंदाबांदी हुई, साथ ही रविवार को भी हल्की बारिश हुई. यदि लंबे समय तक बारिश नहीं आई तो शहर को जल संकट से जूझना पड़ सकता है.





### जनप्रतिनिधि हुए गंभीर, नर्मदा से आस

नवभारत से चर्चा में महापौर मुकेश टटवाल ने बताया कि भूखी माता मंदिर के आगे उजड़खेड़ा चौराहा स्थित नर्मदा की लाइन को गंभीर की लाइन से जोड़ने का कार्य नगर निगम पीएचई विभाग द्वारा प्रारंभ किया गया है. शीघ्र ही कार्य पूर्ण करते हुए गऊघाट स्थित फिल्टर प्लांट में लाइन को जोड़ने का कार्य होगा ,ताकि उक्त प्लाट में नर्मदा का पानी लाया जा सके, जिससे शहर में पेयजल आपूर्ति के लिए सप्लाई किया जा सकेगा.

### पाइपलाइन डालने की प्रक्रिया शुरू

रविवार को महापौर मुकेश टटवाल, एमआईसी सदस्य शिवेंद्र तिवारी एवं विभाग के उपायुक्त योगेंद्र सिंह पटेल के साथ उक्त कार्य का निरीक्षण किया गया, निरीक्षण के दौरान पीएचई विभाग के उपायुक्त योगेंद्र सिंह पटेल द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि भूखी माता क्षेत्र स्थित उजड़ खेड़ा मार्ग पर नर्मदा की लाइन है, जहां से नर्मदा की लाइन को गंभीर की लाइन से जोड़ने का कार्य किया जा रहा है.

### लाइन जोड़ने में एक सप्ताह लगेगा

गंभीर और नर्मदा पाइपलाइन के बीच दूरी लगभग 100 से 150 मीटर है, जिसमें 1000 एमएम नर्मदा पाइपलाइन से 800 एमएम गंभीर से जोड़कर 5 से 7 दिन में व्यवस्था बनाई जा सकेगी. नर्मदा की लाइन में टेस्टिंग का कार्य भी किया जा चुका है. लाइन का कार्य पूर्ण होने के उपरांत नर्मदा के जल से पेयजल की आपूर्ति की जा सकेगी.

### आधे शहर में टैंकर चलेंगे

जिस तरह से बरसात की बेरुखी सामने आई है, वहीं अब जनप्रतिनिधियों ने जल संकट से निपटने की तैयारी तो शुरू कर दी है, बावजूद इसके नर्मदा और गंभीर के जल से पूरी तरह से वाटर सप्लाई नहीं किया जा सकता है, ऐसे में कई वार्डों में टैंकर भी चलाया जा सकते हैं, इसके लिए भी मंथन किया जा रहा है, कहीं ऐसे क्षेत्र है जहां पर कम दबाव की वजह से पानी नहीं जाता है कुल मिलाकर भादव से आस है कि अच्छी बरसात हो जाए वरना हालत गंभीर होंगे.

# बुंदेलखंड के पर्यटन को मिलेगी वैश्विक पहचान

## मंत्री राजपूत बोले-मुख्यमंत्री के धरातल पर दिखने लगे प्रयास

**भोपाल, 10 अगस्त. खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की दूरदर्शी सोच और नवाचारी दृष्टिकोण की प्रशंसा करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में मध्यप्रदेश पर्यटन के क्षेत्र में वैश्विक स्तर पर अपनी पहचान स्थापित करने की ओर अग्रसर है.**



उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव की पहल से अगले कुछ महीनों में ग्वालियर, इंदौर और भोपाल में होने वाले तीन बड़े आयोजनों से पर्यटन और हॉस्पिटैलिटी सेक्टर में निवेश की नई संभावनाएं सृजित होंगी, जो विशेष रूप से सागर संभाग और बुंदेलखंड के विकास में मील का पत्थर साबित होगी. मंत्री राजपूत ने बताया कि 29-30 अगस्त को ग्वालियर में आयोजित होने वाले संभागीय टूरिज्म कॉन्क्लेव में मुख्यमंत्री टूरिज्म और हॉस्पिटैलिटी सेक्टर के निवेशकों से वन-टू-वन चर्चा करेंगे. कॉन्क्लेव में ग्वालियर, चंबल और सागर संभाग में निवेश की संभावनाओं पर विशेष ध्यान दिया जाएगा. साथ ही, कला-संस्कृति से जुड़ी प्रदर्शनी और स्थानीय सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स की भागीदारी इस आयोजन को और प्रभावी बनाएगी.

मंत्री राजपूत ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव का यह नवाचारी कदम मध्यप्रदेश को पर्यटन के राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय नक्शे पर एक प्रमुख केंद्र के रूप में स्थापित करेगा. दिल्ली-झांसी-जयपुर के प्रसिद्ध गोल्डन ट्रायंगल को ग्वालियर, खजुराहो और सागर के पर्यटन स्थलों से जोड़ने की उनकी योजना न केवल पर्यटकों की संख्या में वृद्धि करेगी, बल्कि सागर संभाग और बुंदेलखंड की सांस्कृतिक और ऐतिहासिक धरोहर को वैश्विक मंच पर ले जाएगी. बुंदेलखंड के ओरछा में रामराजा सरकार का मंदिर, झांसी, दतिया, चंदेरी, मैहर, खजुराहो, पन्ना टाइगर रिजर्व, वीरांगना रानी दुर्गावती टाइगर रिजर्व, आबचंद गुफाएं और राहतगढ़ वॉटरफॉल जैसे विश्व प्रसिद्ध धार्मिक सांस्कृतिक और पर्यटन स्थल है.

> मंत्री राजपूत ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव की निवेशक-अनुकूल नीतियां और पर्यटन को बढ़ावा देने की उनकी प्रतिबद्धता मध्यप्रदेश की आर्थिक समृद्धि के लिए महत्वपूर्ण साबित हो रही है. ग्वालियर में होने वाले इस कॉन्क्लेव के साथ इंदौर और भोपाल में प्रस्तावित आयोजनों से पर्यटन क्षेत्र में बड़े पैमाने पर निवेश आकर्षित होगा, जिससे स्थानीय अर्थव्यवस्था को बल मिलेगा और हजारों युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे.

# पटेल ने किया 37 .50 लाख के पंचायत भवन का भूमिपूजन

**सागर, 10 अगस्त. केंद्रीय पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल ने जिला सागर के विकासखंड केसली क्षेत्र के ग्राम टड़ा में पंचायत भवन का भूमि पूजन किया.**

इस दौरान समारोह में मंत्री ने कहा कि पंचायत भवन न केवल स्थानीय प्रशासन का केंद्र हैं, बल्कि ग्रामीण विकास, आत्मनिर्भरता और सामुदायिक सशक्तिकरण का आधार भी होते हैं. ग्राम टड़ा, जनपद पंचायत केसली, जिला सागर में बनने वाले इस पंचायत भवन का निर्माण लगभग 37.50 लाख से होगा. इसी निर्मित होने वाले 'ग्राम पंचायत भवन' का शिलान्यास और भूमि पूजन मंत्री पटेल ने किया है. कार्यक्रम में विधायक बृज बिहारी पटेरिया, जिला पंचायत उपाध्यक्ष देवेंद्र ठाकुर, जनपद अध्यक्ष देवी बाई सरवन लोधी, जिला पंचायत सदस्य सर्वजीत सिंह, उमेश श्रीवास्तव सहित अन्य जनप्रतिनिधि, ग्रामवासी और प्रशासनिक अधिकारी-कर्मचारी भी मौजूद थे.



# शुक्ल ने किया एनसीडी क्लीनिक का शुभारंभ

**भोपाल, 10 अगस्त. उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने रविवार की शाम जयारोग्य चिकित्सालय समूह के हज़ार बिस्तर अस्पताल में नॉन-कम्युनिकेबल डिज़ीज़ क्लीनिक का शुभारंभ किया.**

उन्होंने कहा कि एनसीडी क्लीनिक गंभीर बीमारियों का समय रहते पता लगाने और उनका इलाज शुरू करने में सहायक होगा. उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने कहा कि बदलती जीवनशैली, खान-पान की गलत आदतें, तनाव और शारीरिक श्रम की कमी के कारण हृदय रोग, मधुमेह, कैंसर, उच्च रक्तचाप और थायरॉइड जैसी एनसीडी बीमारियों के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं. अक्सर इन बीमारियों का देर से पता चलने पर ये जानलेवा साबित होती हैं.

इसी समस्या को देखते हुए एम्स भोपाल के बाद अब जयारोग्य अस्पताल समूह में यह विशेष क्लीनिक शुरू किया गया है. एनसीडी क्लीनिक में हृदय रोग, मधुमेह, कैंसर, थायरॉइड और उच्च रक्तचाप जैसे रोगों का शुरुआती चरण में पता लगाकर समय पर इलाज किया जाएगा. इससे स्ट्रोक, हार्ट अटैक और किडनी फेलियर जैसी गंभीर स्थितियों से बचाव संभव होगा.

# मंत्री धर्मेंद्र, कलेक्टर ने रोपे कदम के पौधे

## कलेक्टर कोचर ने पर्यावरण सुरक्षा की अपील की

नवभारत, न्यूज

**दमोह, 10 अगस्त. प्रसिद्ध हिंदूतीर्थ तीर्थ बांदकपुर के धार्मिक प्राकृतिक रमणीय स्थल गोवर्धन पर्वत के पास सरोवर सड़क किनारे शिवभक्तों के आव्हान प्रयास से पौधारोपण का कार्य किया जा रहा है.**

शिवभक्त शंकर गौतम ने बताया कि पिछले कई वर्षों से गोवर्धन पर्वत व आसपास पौधारोपण किया जा रहा है. कलेक्टर कोचर ने बांदकपुर धाम में सभी को एक पेड़ लगाकर धाम में पर्यावरण संरक्षण सुरक्षा की अपील की है.




> संस्कृति पर्यटन मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी और दमोह कलेक्टर सुधीर कोचर ने एक-एक कदम का पौधा लगाया और संदेश दिया कि बांदकपुर धाम में विशाल कॉरिडोर निर्माण में सरकार ने कदम बढ़ाया है. धाम में विकास कार्यों को किया जाएगा. जिसमें प्राकृतिक स्थल गोवर्धन पर्वत को भी जोड़ा जाएगा. सतीश तिवारी, कृष्णा यादव, रामकृपाल पाठक, चटन पटेल, कृष्णा पटेल, अरविंद, ऋषि सिंह, गुड्डा रैकवार, गणपत अहिरवाल, रविन्द्र, निशांत, नरेंद्र, चौकी प्रभारी राजेंद्र मिश्रा, सचिव हरिशंकर पटेल मौजूद थे.

# निवेश नीतियों से मप्र के निर्यात में 6% की वृद्धि

## अब तक का सबसे ज्यादा 66,218 करोड रुपए का हुआ निर्यात

**भोपाल, 10 अगस्त. मध्यप्रदेश ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में निर्यात में अपनी रेंकिंग में सुधार करते हुए अब तक का सबसे ज्यादा 66,218 करोड रुपए का निर्यात किया है.** निर्यात में 6प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है जो फार्मास्यूटिकल, इंजीनियरिंग गुड्स और सोया उत्पादों में निर्यात बढ़ने के फलस्वरूप हुई है.

फेडेरेशन ऑफ इंडियन एक्सपोर्ट ऑर्गेनाइजेशन की ताजा रिपोर्ट के अनुसार मर्केंडाइज एक्सपोर्ट में 66,218 करोड रुपए का योगदान है जबकि स्पेशल इकोनामिक जोन में सूचना प्रौद्योगिकी कंपनियों ने राज्य के एक्सपोर्ट पोर्टफोलियो में 4038 करोड रुपए का योगदान दिया है. इन क्षेत्रों में आर्थिक विकास बढ़ने के कारण राष्ट्रीय स्तर पर निर्यात में मध्यप्रदेश की रैंकिंग 15 से 11 हो गई है. फार्मास्यूटिकल, इंजीनियरिंग गुड्स और सोया आधारित कृषि उत्पाद मिलाकर मध्यप्रदेश ने विश्व बाजार के प्रतिमानों के अनुसार निर्यात रैंकिंग में बढ़ोतरी की है. निवेश मित्र औद्योगिक विकास की नीतियां, औदयोगीकरण का बढ़ता आधार मध्यप्रदेश का निर्यात बढ़ने के प्रमुख कारण है. इसके अलावा निर्यात को प्रोत्साहित करने वाली अधोसंरचना में बढ़ोतरी होना और अंतर्राष्ट्रीय बाजारों का मध्यप्रदेश की ओर आकर्षित होने को भी प्रमुख है.

> मध्यप्रदेश से वर्ष 2024-25 में 11,968 करोड रुपए के फार्मास्यूटिकल्स, 6062 रुपए के एनिमल फीड, 4795 करोड रुपए के एल्युमिनियम, 4656 रुपए का निर्यात और 5497 रुपए की मशीनरी का निर्यात हुआ. पिछले 6 वर्षों से मध्यप्रदेश का निर्यात लगातार बढ़ रहा है. वर्ष 2019-20 में 37,692 करोड रुपए, 2020-21 में 47,959 करोड रुपए, 2021-22 में 58,407 करोड रुपए, 2022-23 में 65,878 करोड रुपए, 2023-24 में 65,255 करोड़ रुपए और 2024-25 में 66,218 करोड रुपए का निर्यात मध्यप्रदेश से हुआ. इसमें स्पेशल इकोनामिक जोन से हुए निर्यात के आंकड़े भी शामिल है.


THE JALGAON PEOPLES CO-OP. BANK LTD.

ETERNAL BOND OF TRUST

since 1933

(Multi-State Scheduled Bank)

Regd.Office : 152, Polan Peth, Dana Bazar, Jalgaon 425001 (M.S.) www.jpcbank.com

**Notice of Special General Meeting : For Members**

Special General Meeting of the Members of the Bank will be held under Chairmanship of Mr. Aniket Bhalchandra Patil, on Thursday 21st August 2025 at 8.30 A.M. at Yashwantrao Patil Muktangan, Saraswati Nagar, Jalgaon to consider the following business. Members are requested to attend the meeting.

**: Agenda :**

1. To read & confirm the minutes of the Annual General Meeting of the Bank held on 29.06.2025.
2. To declare dividend as recommended by the Board of Directors.

**By order of the Board**
**Rohit Bhujbal**
**Managing Director & CEO**

**Place : Jalgaon (Maharashtra)**
**Date : 06.08.2025**

: Note :

If the meeting is adjourned due to want of quorum, the said meeting will be held on the same day at the above place after half an hour and no quorum will be required for the said adjourned meeting.


# प्रदेश के कई जिलों में बारिश का अलर्ट

## 40 प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चलेगी

नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 10 अगस्त. मौसम विभाग ने मप्र में बारिश का दौर जारी रहने का पूर्वानुमान लगाया है. सोमवार को भी कई जिलों में बारिश के आसार को लेकर अलर्ट जारी किया गया है.**

अलीराजपुर, धार, बैतूल, बालाघाट, छिंदवाड़ा, सिवनी, मंडला, पाढ़ुर्णा नर्मदापुरम सहित जिलों में बारिश हो सकता है. जिलों में मूसलाधार बारिश को देखते हुए मौसम विभाग ने आरेंज अलर्ट जारी किया है. इस दौरान 30 से 40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चलेगी. इसके साथ ही ग्वालियार, दतिया, भिंड, मुरैना, गुना, श्योरपुरकलां, शाजापुर, छतरपुर, शिवपुरी, अशोकनगर, विदिशा, राजगढ़, टीकमगढ़ सहित जिलों में भी गरज-चमक के साथ बारिश हो सकती है. प्रदेश में फिलहाल बारिश का दौर जारी रहने की की संभावना मौसम विभाग ने जताई गई है.



> वर्तमान में मानसून ट्रफ़, माध्य समुद्र तल पर भटिंडा, रोहतक, दिल्ली (रिज), हरदोई, बाराबंकी, देहरी, बांकुरा, कोंटाई और फिर पूर्व-दक्षिण-पूर्व दिशा में उत्तर-पूर्व बंगाल की खाड़ी तक विस्तृत है. 13 अगस्त के आसपास बंगाल की खाड़ी के उत्तर-पश्चिम और संलग्न पश्चिम-मध्य में एक निम्न दबाव का क्षेत्र बनने की संभावना है. एक ट्रफ़, पश्चिम उत्तर प्रदेश के ऊपरी हवा के चक्रवातीय परिसंचरण से पूर्वी उत्तर प्रदेश के मध्य भागों से होते हुए झारखंड तक माध्य समुद्र तल से 1.5 किमी की ऊंचाई पर विस्तृत है.

# ई-रिक्शा से स्कूल न जाएं बच्चे

## कलेक्टर ने सुरक्षा के लिहाज से जारी किया आदेश

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 10 अगस्त. जिले में बच्चों को ई-रिक्शा से स्कूल लाने और ले जाने पर पूर्णतः प्रतिबन्ध लगा दिया गया है. कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी चन्द्रशेखर शुक्ला के द्वारा इस संबंध में प्रतिबंध के आदेश जारी किए गए हैं.**

यह आदेश स्कूली बच्चों की सुरक्षा के मद्देनजर भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत तत्काल प्रभाव से सम्पूर्ण जिले में लागू हो गया है. कलेक्टर द्वारा जारी इस प्रतिबंधात्मक आदेश में स्पष्ट किया गया है कि इसका उल्लंघन पाये जाने की स्थिति में भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 223 एवं अन्य समस्त प्रावधानों के अंतर्गत कार्यवाही की जायेगी. आदेश में कहा गया कि ई-रिक्शा में बिना किसी सुरक्षा प्रबंध एवं क्षमता से अधिक बच्चों को बैठाकर परिवहन करना बच्चों की सुरक्षा की दृष्टि से उचित नहीं है. जारी आदेश में उल्लेख करते हुये कहा गया है कि छात्र-छात्राओं के परिवहन के लिए प्रयोग किये जा रहे ई-रिक्शा में स्कूली बच्चों की सुरक्षा की दृष्टि से किसी भी प्रकार की व्यवस्था नहीं होती है. स्कूली बच्चों के परिवहन के लिए यह असुरक्षित वाहन है.

# भीषण सड़क हादसा, रक्षाबंधन मनाने जा रहे पिता-पुत्री की मौत

## हादसे में पिता और पांच वर्षीय बेटी की मौत हो गई

▶ हादसा कसरावद थाना क्षेत्र में भीलगांव के पास हुआ

**खरगोन, 10 अगस्त. मध्यप्रदेश के खरगोन जिले के कसरावद थाना क्षेत्र में भीलगांव के पास शनिवार रात हुए सड़क हादसे में पिता और पांच वर्षीय बेटी की मौत हो गई जबकि पत्नी और एक अन्य बालक घायल हो गए.**

पुलिस के अनुसार इंदौर के छोटी खजरानी नया बसेरा निवासी 29 वर्षीय रवि बड़ोदिया, पत्नी मीनू (24), बेटी भूमिका (5) और भांजा कान्हा मोहते (12) बीकानेर, राजस्थान निवासी रक्षाबंधन पर्व मनाने असनगांव (थाना मेनगांव) अपने रिश्तेदारों के यहां जा रहे थे. बीलगांव के पास पुलिया और मोड़ पर उनका दुपहिया वाहन असंतुलित होकर पलट गया. हादसे में रवि और भूमिका की मौके पर ही मौत हो गई. मीनू और कान्हा को कसरावद अस्पताल से जिला अस्पताल खरगोन रेफर किया गया है. जहां डॉक्टरों की देखभाल में घायलों का उपचार जारी है.

# जनता के सामने वास्तविकता लाएगी कांग्रेस

नवभारत न्यूज

**भोपाल, 10 अगस्त.** मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने दावा किया है कि वह 2023 के विधानसभा चुनाव में हुई कथित चुनाव-चोरी का बड़ा खुलासा करेगी. पार्टी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' (ट्विटर) पर पोस्ट कर बताया कि बुधवार, 13 अगस्त को इसका विस्तृत खुलासा किया जाएगा.

पोस्ट में प्रदेशवासियों और कांग्रेस कार्यकर्ताओं से अपील की गई है कि वे लोकतंत्र और संविधान को कमजोर करने वाली ताकतों की साजिशों को समझें और उन्हें बेनकाब करने के अभियान में साथ दें. संदेश में लिखा है लोकतंत्र/संविधान को खत्म करने की खुली दुर्भावना रखने वालों की साजिशों को बेनकाब करना अब जरूरी हो गया है! कांग्रेस का आरोप है कि विधानसभा चुनाव-2023 में सत्ता पक्ष ने विभिन्न तरीकों से चुनाव प्रक्रिया को प्रभावित किया, जिससे जनता का जनादेश बदला गया.


मॉयल लिमिटेड

मॉयल MOIL

(भारत सरकार का उपक्रम)

मॉयल भवन, 1-ए, काटोल रोड़, नागपुर - 440 013

CIN: L99999MH1962GOI012398

निम्नलिखित कार्यों के लिए प्रामाणिक एवं अनुभवी ठेकेदारों से तीन भागों में **वैश्विक निविदा** आमंत्रित की जाती है।

| क्र. सं. | कार्य का विवरण एवं स्थान | समापन अवधि | ईएमडी राशि | अनुमानित लागत (लगभग) |
| --- | --- | --- | --- | --- |
| 1 | मॉयल लिमिटेड के चिकला खदान (तुमसर तहसील, भंडारा जिला, महाराष्ट्र, भारत, पिन कोड – 441907) में टर्नकी आधार पर तीसरे वर्टीकल शाफ़्ट का डिज़ाइन, निर्माण, फर्निशिंग एवं उपकरणों की स्थापना। निविदा क्रमांक MOIL/MOIL LIMITED/Project/4/2025-26/ET/30 | 48 माह | INR 0.50 करोड़ | INR 208.17 करोड़ प्लस जीएसटी जैसा लागू हो |

उपरोक्त निविदा दस्तावेज का विवरण और ई–निविदा के शेड्यूल के लिए, कृपया वेबसाइट्स – मॉयल की वेबसाइट **https://moil.nic.in** एवं ई–निविदा वेबसाइट **https://www.mstcecommerce.com/eprocn/** (ई–बिड के लिए) तथा भारत सरकार के केंद्रीय सार्वजनिक खरीद (**CPP**) पोर्टल **(https://eprocure.gov.in)** पर जायें। शुद्धिपत्र, यदि कोई हो, तो उपरोक्त वेबसाईट्स पर अपलोड किया जायेगा एवं समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं किया जायेगा।

*महाप्रबंधक (तकनीकी)*
*मॉयल लिमिटेड*

हर एक काम, देश के नाम

मॉयल - इस्पात को शक्तिशाली बनायें


स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा.लि. के लिए आशुतोष उपाध्याय द्वारा 6/54, फिरोज गांधी प्रेस काम्प्लेक्स, इंदौर से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि. , फिरोज गांधी प्रेस कॉम्प्लेक्स इंदौर से मुद्रित. समूह संपादक क्रांति चतुर्वेदी*, *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत जिम्मेदार, फोन/फैक्स- 4096718 RNI Reg. No.7590/60